जावर ग्रुप ऑफ माइंस में '35 वें खान पर्यावरण और खनिज संरक्षण सप्ताह' का आयोजन

उदयपुर (पुकार)। हिंदुस्तान जिंक लिमिटेड के जावर ग्रुप ऑफ माइंस में बीच भारतीय खान ब्यूरो, अजमेर क्षेत्र के तत्वाधान में मनाये जा रहे 35 वें खान पर्यावरण और खनिज संरक्षण सप्ताह का आयोजन हर्षोल्लास के साथ किया गया। इस अवसर पर सम्मानित निरीक्षण दल के सदस्य मुख्य भूविज्ञानी हिंदुस्तान कॉपर लिमिटेड नागेश राजपुरोहित, उप प्रबंधक, अंबुजा सीमेंट दिनेश प्रसाद गुप्ता, वरिष्ठ अभियंता, इण्डिया सीमेंट देवेन्द्र सोलंकी उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत मोचिया माइन में फ्लैग होस्टिंग और शपथ से की गई। निरीक्षण दल के सदस्यों द्वारा सभी खदान कर्मियों को पर्यावरण एवं खनिज संरक्षण के बारे में जागरूक किया गया साथ ही जावर की सभी खदानों में वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें सभी खदान प्रबंधक और तकनिकी प्रमुख शशि भूषण शुक्ला ने भी समस्त खदान श्रमिकों को पर्यावरण संरक्षण बारे में जागरूक किया और अपने विचार रखे।